an>

Title: Need to construct a Panchnad Project in Bundelkhand region to solve the problem of drought in Uttar Pradesh and Madhya Pradesh.

श्री अशोक कुमार दोहरे (इटावा) : महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं पहली बार सदन में बोल रहा हूं। मैं उत्तर प्रदेश के इटावा संसदीय क्षेत्र से चुनकर आता हूं। अभी कुछ समय पहले सदन में सूखे पर चर्चा हो रही थी और सूखे पर मंत्री जी ने विस्तार से पूरे सदन को अवगत कराया। मैं आज आपके माध्यम से सूखे की समस्या के विषय में कहना चाहूंगा। माननीया मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं। खास तौर से मेरा क्षेत्र भी उस एरिया के अन्तर्गत आता है। जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का बुन्देलखण्ड का इलाका है, वहाँ पर अक्सर सूखे की समस्या रहती है। माननीया मंत्री जी हमारे क्षेत्र में गई भी हुई हैं, चूँकि हमारे क्षेत्र में यमुना, चम्बल, क्वारी, सिंध, पहुज पाँच नदियाँ एक ही स्थान पर मिलती हैं, जिसे पंचनद के नाम से जाना जाता है। उस क्षेत्र में सूखे की समस्या भी रहती है। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वहाँ पर बहुत समय से काफी लंबे समय से पंचनद परियोजना की माँग उठती चली आ रही है।

मैं कहना चाहूँगा कि जहाँ एक साथ पाँच नदियों का मिलन होता है, वह पंचनद क्षेत्र कहलाता है। वहाँ एक बहुत बड़ा मेला भी लगता है। वहाँ पंचनद परियोजना स्थापित कर दी जाए तो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में सूखे की समस्या का निदान हो जाएगा और साथ ही बिजली संकट से भी छुटकारा मिलेगा। मुझे आज सदन में बोलने का अवसर दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is allowed to associate with the matter raised by Shri Ashok Kumar Dohre.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI RAJIV PRATAP RUDY): Mr. Deputy-Speaker, Sir, the hon. Member, Shri Ashok Kumar Dohre was the Cabinet Minister in Uttar Pradesh. Because of your presence in the Chair, the hon. Member got to speak for the first time. Being a former Cabinet Minister in a State is also something very appreciable. Your effort will be appreciated by the House always for making Shri Ashok Kumar Dohre to speak in the 'Zero Hour'. ...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF WATER RESOURCES, RIVER DEVELOPMENT AND GANGA REJUVENATION (SUSHRI UMA BHARTI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, thank you. I want to respond to the hon. Member. उन्होंने जो बुंदेलखंड की सूखे की समस्या उठायी है और समाधान के लिए पंचनदा की बात कही है, जहां पांच नदियों का मेल होता है। वह पहली बार बोल रहे हैं, तो पहली बार ही मैं उनको यह उपहार दूंगी कि पंचनदा ऑलरेडी हम पीएमकेएसवाई में लेंगे। यह एश्योरेंस मैं पार्लियामेंट के अंदर ही दे रही हूं। बहुत जल्दी ही इसकी एक रिपोर्ट सीडब्ल्यूसी से बनाकर हम आदरणीय संसद सदस्य महोदय को और सदन को अवगत कराएंगे। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY-SPEAKER: I will call everyone. Do not worry.